शुक्र ग्रह के कारकत्व

शुक्र ग्रह के कारकत्व अर्थात वे विशेष कारण या विषय वस्तुएं आदि जिनसे हम उस समय पूरी तरह प्रभावित होते हैं, जिस समय हम शुक्र ग्रह की दशा, गोचर, योग और अवस्था आदि में पूरी तरह प्रयत्नशील रहते हैं या उस आयु अवस्था आदि पर पहुंच जाते हैं, शुक्र ग्रह के वे सभी विशेष प्रभावित करने वाले तत्व निम्न प्रकार से हैंः-

पत्नी या पति सुख, शुक्राणु, विवाह, सैक्स संबंधी, प्रजनन् अंग, सफेदी, संगीत, काव्य, पोशाक, आय, यौवन, वीर्य, व्यापारी, क्रय-विक्रय, नृत्य, सेवक, गीत, संगीत, सुख, वैभव, मनोरंजन, सत्यवादिता, कला कौशल, हास्य विनोद, प्रिय, मंचसज्जा, विद्या, समृद्धि व संपन्नता, वैभव सामग्री, मौडलिंग, सरकारी विकास योजनाएं, सजावटी सामान, ब्यूटी पार्लर, फोटो विडियोग्राफी, सुगन्ध, आभूषण, हीरे-जवाहरात, ऐश्वर्य की सभी वस्तुएं, फूल, फलदार वृक्ष, सभी कलाएं, गौ का पालन पोषण, जलीय स्थान, वाहन सुख, फैशनजगत, सिनेमाजगत, काम, वसन्त ऋतु, प्रेमी या प्रेमिका, फिल्मीजगत, सुन्दरता, कपड़ों का काम, कपड़ों पर कलाकारी या व्यापार, सौन्दर्य, ऐश्वर्य-आनन्द, फैशन आदि।